# स्व0 श्री जय दत्त वैला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# रानीखेत (अल्मोड़ा) उत्तराखण्ड

## मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना

## वार्षिक–आख्या 2024–25

उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा घोषित ''मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना'' जो कि दिनांक 31.05.2023 से प्रभावी है; के एक वर्ष के सफल क्रियान्वयन के पश्चात, नवीन सत्र 2024–25 हेतु भी राज्य सरकार द्वारा धनराशि अनुमोदित की गई।

उक्त छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत प्रत्येक संकाय में स्नातक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः ₹3,000/-, ₹2,000/- तथा ₹1,500/- प्रतिमाह की धनराशि प्रदान की जाती है।

वर्तमान सत्र 2024–25 में, स्नातक स्तर पर कला संकाय में 09, विज्ञान संकाय में 07 तथा वाणिज्य संकाय में 08 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई।

प्रत्येक संकाय में स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कुल प्राप्तांकों के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता को एक मुश्त धनराशि क्रमशः ₹35,000/-, ₹25,000/- तथा ₹20,000/- प्रदान की गई।

इसी क्रम में महाविद्यालय के कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के स्नातक उत्तीर्ण कुल 09 विद्यार्थियों छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

स्नातकोत्तर स्तर पर प्रत्येक विभाग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः ₹5,000/-, ₹3,000/- तथा ₹2,000/- की धनराशि प्रतिमाह प्रदान की जाती है।

स्नातकोत्तर तृतीय सत्र में वाणिज्य विभाग के 03, भौतिक विज्ञान विभाग के 03, गणित विभाग के 03, रसायन विज्ञान विभाग के 03, जंतु विज्ञान विभाग के 03, वनस्पति विज्ञान विभाग के 03 समाजशास्त्र विभाग के 02, अर्थशास्त्र विभाग के 03, राजनीति विज्ञान विभाग के 03, इतिहास विभाग के 03, भूगोल विभाग के 01, संगीत विभाग के 02, अंग्रेजी विभाग के 03, हिंदी विभाग के 02 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

प्रत्येक विभाग में स्नातकोत्तर उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कुल प्राप्तांकों के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता को एक मुश्त धनराशि क्रमशः ₹60,000/-, ₹35,000/- तथा ₹25,000/- प्रदान की गई।

इसी क्रम में वाणिज्य विभाग के 03, भौतिक विज्ञान विभाग के 03, रसायन विज्ञान विभाग के 03, गणित विभाग के 03, जंतु विज्ञान विभाग के 03, वनस्पति विज्ञान विभाग के 03, संगीत विभाग के 02, राजनीति विज्ञान विभाग के 03, अंग्रेजी विभाग के 02, समाजशास्त्र विभाग के 03, इतिहास विभाग के 03, भूगोल विभाग के 03, हिंदी विभाग के 02, अर्थशास्त्र विभाग के 03 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

इस प्रकार रानीखेत महाविद्यालय के कुल 109 विद्यार्थियों ने योजना का लाभ उठाया जिस हेतु राज्य सरकार द्वारा महाविद्यालय को : ₹40,62,000/- की धनराशि आवंटित की गई।

सत्र 2024–2025 में समिति में डॉ0 नमिता मिश्रा ने नोडल अधिकारी, डॉ0 सुमिता गढ़कोटी सह संयोजक तथा डॉ0 हेमलता भट्ट, डॉ0 कोमल गुप्ता, डॉ0 दीपाली कनवाल, डॉ0 किरन पंत एवं डॉ0 प्रतीक शर्मा ने समिति में सदस्य के रूप में कार्य किया।